**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, बागपत की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक–29.06.2022 को प्रस्तावित बैठक का एजेण्डा नोट सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बागपत द्वारा प्रस्तुत एजेण्डा :–** 78

दि0-3
1548
04-07-2022

**(i) डी0पी0आर0 विरचन कार्य:–**

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0–1197/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019, नमांमि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक 21.05.2021 के द्वारा भारत सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फ्रा प्राजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, 409 इस्कॉन एलिगेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, क्रोसिंग रोड, एस0जी0 हाइवे, अहमदाबाद द्वारा विस्तृत प्राक्कलन तैयार कराकर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध कराने है। पूर्व में 07, 34, 05, 19, 09, 27, एवं 07 कुल 108 ग्रामों में पाईप पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलन सम्बंधित फर्म द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध कराये गये थे। जिन्हें जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दिनांक–07.06.2021, दिनांक–09.07.2021, दिनांक–23.07.2021, दिनांक–31.07.2021, दिनांक–27.08.2021, दिनांक–12.10.2021 एवं दिनांक–22.10.2021 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति, लखनऊ को स्वीकृति हेतु संस्तुति सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया है।

पिछली बैठक में फर्म के प्रतिनिधि द्वारा 10 डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया था परन्तु वर्तमान तक कोई भी डी0पी0आर0 तकनीकी परीक्षण हेतु उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बागपत को उपलब्ध नही करायी गयी हैं।

**(ii) त्रिपक्षीय अनुबंध गठन/कवर एग्रीमेन्ट का निष्पादन :–**

जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत जनपद बागपत हेतु नामित संस्था मै0 एल0सी0 इन्फ्र प्रोजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे.वी. 409 इस्कॉन ऐलिगेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कॉसिंग रोड, एस.जी. हाइवें, अहमदाबाद द्वारा योजनाओं के कियान्वयन हेतु कवर एग्रीमेन्ट सं0–188/ईडी/2021–22, दिनांक–18.11.2021 के द्वारा 35 पेयजल योजनाओं के आवरण अनुबंध राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निष्पादित किये जा चुके [illegible] रण अनुबंध के अनुसार उक्त योजनाओं के कार्य प्रारम्भ तिथि **18.11.2021** प्रदान की गयी है।

फर्म द्वारा उक्त के अतिरिक्त 36 पाईप पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलन राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से स्वीकृति उपरान्त जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को उपलब्ध कराये गये है जिनके सापेक्ष निम्न 35 पेयजल योजनाओं के कवर एग्रीमेन्ट सं0–261 /ईडी/2021–22/II, दिनांक–09.02.2022 के द्वारा 35 पेयजल योजनाओं के आवरण अनुबंध राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निष्पादित किये जा चुके हैं। आवरण अनुबंध के अनुसार उक्त योजनाओं के कार्य प्रारम्भ तिथि **09.02.2022** प्रदान की गयी है।

अवशेष स्वीकृत 15 नग पेयजल योजनाओं के कवर एग्रीमेन्ट हेतु त्रिपक्षीय अनुबंध गठन की कार्यवाही की जानी हैं।

**(iii) कवर अनुबंध के सापेक्ष पेयजल योजनाओं की कार्य स्थल पर निर्माण की स्थिति :–**

जनपदान्तर्गत स्वीकृत 85 पाईप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष वर्तमान तक कुल 70 पेयजल योजनाओं हेतु आवरण अनुबंध निष्पादित किये गये हैं। अद्यतन 51 नलकूप के बोरिंग का कार्य पूर्ण है, जिसमें से फर्म द्वारा 34 नग नलकूप का ही विकास कार्य पूर्ण किया गया है। साथ ही 14 नग पेयजल योजनाओं की जलकल परिसर की चारदीवारी का कार्य निर्माणाधीन हैं तथा आठ ग्रामों में 44.128 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछायी गयी है जिनमें लगभग 1793 गृह संयोजन ही दिये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 11 पेयजल योजनाओं के उच्च जलाशय के डिजाइन/ड्राइंग उपलब्ध कराये गये है, जिसका परीक्षण किया जा रहा हैं। शेष उच्च जलाशय के संरचनाओं का डिजाइन/ड्राइंग फर्म के स्तर पर लम्बित हैं। उक्त 11 के सापेक्ष 03 उच्च जलाशय का कार्य निर्माणाधीन हैं। निर्माण कार्यो की उक्त प्रगति सन्तोषजनक नही हैं। कराये गये कार्यो के सापेक्ष रू0–5.97 करोड़ का भुगतान फर्म को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा किया जा चुका है।

**(iv) भूमि उपलब्धता:–**

कार्यालय निदेशक, पंचायत राज, उ0प्र0, लखनऊ के गजट सं0–04/284/2015–4/81/(बागपत)/2014, लखनऊ, दिनांक–04–02–2015 के द्वारा राजस्व ग्रामों की सूची जारी की गयी थी। जिसके पश्चात ग्राम पंचायत रटौल नगर पंचायत होने के फलस्वरूप 305 राजस्व ग्राम जनपद में अस्तित्व में हैं। उक्त 305 ग्रामों में पेयजल योजनाओं का विवरण निम्नवत् है:–

| जनपद में कुल राजस्व ग्राम | मौके पर गैर आबाद ग्राम | पूर्व से पेयजल योजनाओं से आच्छादित ग्रामों की संख्या (पुर्नगठन एवं जल जीवन मिशन को छोडकर) | जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित ग्रामों की संख्या | जिन ग्रामों में भूमि उपलब्ध हैं | उन ग्रामों की संख्या जिनके प्राक्कलन विरचित किये जा चुके है | शेष ग्रामों की संख्या जिनकी डी0पी0आर0 विरचित की जा जानी है | शेष विरचित डी0पी0आर0 के सापेक्ष भूमि की उपलब्धता | भूमि अप्राप्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **305** | **31** | **83** | **191** | **180** | **109** | **82** | **71** | **11** |

उक्त 11 ग्रामों में से 5 (आलमगीरपुर उर्फ टुकाली, फखरपुर मौहम्मदशाहपुर, हाजीपुर वीरान, नूरपुर खालसा, एवं करीमपुर) ग्रामों को नजदीकी ग्राम के साथ ग्राम समूह पेयजल योजना बनाकर आच्छादित किया जायेगा।

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, बागपत के पत्रांक–278/जल जीवन मिशन/2020–21, दिनांक–03.03.2021 के द्वारा प्रेषित 205 ग्रामों की सूची में 195 राजस्व ग्राम तथा 10 मजरे हैं। उक्त 10 मजरों की जनगणना सेन्सस में दर्ज नही है और न ही मजरों की डी0पी0आर0 विरचन करने के दिशा–निर्देश मुख्यालय से प्राप्त हुये है। उक्त 10 मजरों में से 1 मजरा (ग्राम बसौद) से लाभान्वित है तथा 03 मजरे (मुकीमपुरा, सिरसलगढ एवं रतनपुरी) को मूल ग्राम/ग्राम पंचायत की योजना से लाभान्वित किया जा सकता है। शेष बचे 06 मजरें (गुर्जरनगर, सन्तनगर, मांढी, रामगढ, पट्टी बंजारन एवं शोभापुर) के सन्दर्भ में प्रधान कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ से मार्ग दर्शन मांगा जा रहा हैं। उक्त 06 मजरों में से शोभापुर मजरे में भूमि प्राप्त हो गयी है। इस प्रकार 06 ग्राम एवं 05 मजरों में भूमि की आवश्यकता हैं।

(v) नामित सपोर्ट एजेसियों की गतिविधियां:–

- जनपद बागपत हेतु नामित आई0एस0ए0:–
- 1– मै0 आर0एम0ई0 सामुदाय बाल विकास सोसायटी, नई दिल्ली।
- 2– मै0 ग्रामीण विकास ट्रस्ट, नोयडा।
- जनपद बागपत में नामित दोनों आई0एस0ए0 को कलस्टर का आवंटन निम्नानुसार किया गया है:–

| क0सं0 | संस्था का नाम | आवंटित विकास खण्ड का नाम |
|---|---|---|
| 1 | आर0एम0ई0 समुदाय बाल विकास सोसाईटी, 1/16 मिठ्ठापुर एक्सटेंशन साईनगर बदरपुर, नई दिल्ली–110044। | 1–बागपत (44 ग्राम पंचायत)।<br>2–खेकडा (36 ग्राम पंचायत)। |
| 2 | ग्रामीण विकास ट्रस्ट, ए–विंग, कृभकोभवन, ए–10, सेक्टर 1 नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, (उ0प्र0) | 1–पिलाना (41 ग्राम पंचायत)।<br>2–बडौत (44 ग्राम पंचायत)।<br>3–छपरौली (26 ग्राम पंचायत)।<br>4–बिनौली (53 ग्राम पंचायत)। |

**श्री दुर्गेश कुमार, आई0एस0ए0 कॉर्डीनेटर, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बंधित आई0एस0ए0 द्वारा निम्नवत कार्य कराये गये है**

| क0सं0 | एक्टीविटि का नाम | RME, NEW DELHI | | | GVT, NOIDA | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | उपलब्धि | प्रतिशत | लक्ष्य | उपलब्धि | प्रतिशत |
| 1 | (GPWSC/ VWSC) गठित ग्राम पंचायतों की संख्या। | 80 | 80 | 100 | 164 | 164 | 100 |
| 2 | ग्राम कार्ययोजना (VAP) ऐप पर अपलोड हुये ग्राम पंचायतों की संख्या। | 80 | 80 | 100 | 164 | 164 | 100 |
| 3 | (GPWSC/ VWSC) का बैंक में खाता खोले गये ग्राम पंचायतों की संख्या। | 80 | 76 | 95 | 164 | 102 | 62.19 |
| 4 | PRA Acitvities | 80 | 80 | 100 | 164 | 122 | 74.39 |
| 5 | FTK प्रशिक्षण की कार्यशाला (ब्लॉक स्तर पर) | 02 | 02 | 100 | 04 | 04 | 100 |
| 6 | FTK Users की Entry | लक्ष्य–1395 | | | उपलब्धि–1154 | | |
| 7 | FTK Test के Results की Entry | लक्ष्य–55534 | | | उपलब्धि–शून्य | | |

**(vi) मै0 प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउन्डेशन, लखनऊ द्वारा कियान्वित कार्य :–** जनपद बागपत हेतु नामित मै0 प्रोग्राम सपोर्ट यूनिट फाउन्डेशन, लखनऊ को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न हितग्राहियों के प्रशिक्षण हेतु नामित किया गया है जिनके द्वारा शीघ्र ही प्रशिक्षण प्रदान कर एफ0टी0के0 द्वारा नमूनों की जांच कर उनकी एन्ट्री पोर्टल पर करायी जायगी।

**उपरोक्वत् एजेंडा समिति के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत हैं।**

Arvind

**अधिशासी अभियन्ता/**
**(सदस्य सचिव)**